राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, मुख्यालय जयपुर

परिवहन मार्ग, चौमू हाऊस, जयपुर (राजस्थान) 302001

क्रमांकः एफ.12/मुख्या/याता/संचा/26/1375 दिनांक : 27/11/26

जोनल मैनेजर/मुख्य प्रबन्धक
राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम,
.....आगार।

विषयः– राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लि. जयपुर द्वारा जूनियर इंजिनियर–I, असिस्टेंट/कमर्शियल असिस्टेंट–II और जूनियर अकाउंटेंट के पदों पर ऑनलाईन परीक्षा हेतु परिवहन व्यवस्था किये जाने के संबंध में।

प्रसंगः– प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लि. जयपुर No:RVPN/Rectt/MD/PS/D.114 November 25,26

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लि. जयपुर द्वारा जिला मुख्यालयों पर परीक्षा आयोजित निम्न तालिका अनुसार की जा रही हैः–

S No.	Name of post	Exam Date&Shifts	Exam Time
1	Junior Engineer-I (Electrical)	29-11-26 (Shift-2)& 30-11-26 (Shift-1)	2 PM To 4 PM 9AM To 11AM
2	Junior Engineer-I (Mechanical)	30-11-26 (Shift-2)	2 PM To 4 PM
3	Junior Engineer-I (Civil)	30-11-26 (Shift-2)	2 PM To 4 PM
4	Junior Assistant/Commercial Assistant-II (Pre-Exam)	04-12-26, 05-12-26, 08-12-26, 19-12-26, 20-12-26, 22-12-26 & 01-01-27 (Shift-I, Shift-2,Shift-3)	9 AM To 10 AM 12:30 PM To 1:30PM 4 PM To 5 PM
5	Junior Accountant	13-01-27 (Shift-I, Shift-2)& 15-01-27 (Shift-I)	9 AM To 11 AM 1:30 PM To 3:30PM

उक्त परीक्षार्थियों के आवागमन हेतु परिवहन की समुचित व्यवस्था के लिए निम्नानुसार आदेश प्रसारित किये जाते हैः–

- प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थीयों को निगम की साधारण/द्रुतगामी बसों में परीक्षा दिवस से दो दिवस पूर्व व दो दिवस पश्चात् तक अपने निवास स्थल/कोचिंग स्थल/तैयारी स्थल से परीक्षा केन्द्र तक आने–जाने के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें।
- अभ्यर्थियों की संख्या अनुसार अतिरिक्त यात्रीभार उठाने हेतु आवश्यक बस संचालन एवं स्टाफ की एवं आगार स्तर पर सभी संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करते हुए निरीक्षण की समुचित व्यवस्था की जावें।
- यात्री सुविधाओं एवं वाहन मरम्मत की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए यथासम्भव निगम की बसों के ठहराव एवं अतिरिक्त बसों की व्यवस्था स्थाई बस स्टेण्ड स्तर पर ही हो. जिससे आगार में उपलब्ध संसाधनों यथा उदघोषणा प्रणाली, बुकिंग विन्डों मानव श्रम आदि का अधिकाधिक उपयोग करते हुए परीक्षार्थियों को बेहतर ढंग से निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकें।
- परीक्षार्थीयों के आवागमन हेतु संचालित होने वाली अतिरिक्त वाहनों में परीक्षार्थीयों के सुविधार्थ ऑनलाइन आरक्षण की सुविधा भी की जावें।
- मुख्यालय द्वारा परीक्षार्थीयों को निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध करवाये जाने हेतु जारी आदेश क्रमांक एफ. 4/मु/याता(लेखा–58)/2021/1147 दिनांक 16.04.2021 एवं एफ.4/मु/याता (लेखा–121)/2024/153 दिनांक 19.10.2024 एवं एफ 3/मुख्या/आई.टी./2026/177 दिनांक 13.05.2026 की पालना किया जाना सुनिश्चित करें।
- समस्त जोनल मैनजेर को निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ आगारों से समन्वय स्थापित कर परिक्षार्थियों के लिए समुचित परिवहन व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

(विनोद पुरोहित)
कार्यकारी निदेशक (यातायात)
दिनांकः– 27/11/26

क्रमांकः एफ12/मुख्या/याता/संचा/2026/1375
निम्न को प्रतिलिपि सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष महोदय, रारापपनिगम, मुख्यालय जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक महोदय, रारापपनिगम, मुख्यालय जयपुर।
3. प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लि. जयपुर No:RVPN/Rectt/MD/PS/D.114 November 25,26
4. समस्त विभागाध्यक्ष.....रारापपनिगम, मुख्यालय जयपुर।
5. महाप्रबन्धक/संयुक्त महाप्रबन्धक/उप महाप्रबन्धक, (.....) रारापपनिगम, मुख्यालय जयपुर।
6. प्रभारी, नियंत्रण कक्ष, रारापपनिगम, मुख्यालय जयपुर।
7. आदेश पत्रावली।

(मनोज कुमार बंसल)
महाप्रबंधक (यातायात)